www.morningnewsindia.com
fb / morningnewsindiaFB
YouTube / @morningnewsindia

मॉर्निंग न्यूज़

# 'कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी'

## पीएम मोदी बोले-इन्होंने बैलट पेपर लूटकर राज किया

**पटना/कोलकाता ( एजेंसी )**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अररिया के बाद मुंगेर में सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कांग्रेस के शहजादे ने कहा कि हर परिवार की कमाई का, प्रॉपर्टी का सर्वे करेंगे। विरासत टैक्स लगाकर आपसे लूटी गई संपत्ति को कांग्रेस अपने खास वोट बैंक को बांट देगी। आज पूरा देश, नौजवान, बुजुर्ग मां-बाप चिंतित हैं। इसलिए एक स्वर से पूरा देश कह रहा है- कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी।

अररिया के फारबिसगंज में पीएम मोदी ने कहा कि आरजेडी, कांग्रेस के इंडिया गठबंधन को न देश के संविधान की परवाह है और न ही लोकतंत्र की परवाह है। ये वह लोग हैं जिन्होंने दशकों तक बैलट पेपर के बहाने गरीबों का अधिकार छीना। पोलिंग बूथ, बैलट पेपर लूट लिए जाते थे। जब गरीबों को ईवीएम की ताकत मिली है तो चुनाव के दिन लूट करने वालों को बर्दाश्त नहीं हो रहा था। इसलिए वे ईवीएम को हटाना चाहते हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मतपेटियों को लूटने के इरादा रखने वालों को ऐसा गहरा झटका दिया है कि उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए।

**इंडिया गठबंधन आपकी प्रॉपर्टी पर कब्जा कर अपने वोटबैंक में बांट देगा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक बार फिर मंगलसूत्र और विरासत टैक्स पर बयान दिया। मोदी ने कहा कि इंडिया गठबंधन महिलाओं, आदिवासियों और गरीबों के खिलाफ खतरनाक कानून लाना चाहता है। कांग्रेसियों ने महिलाओं का मंगलसूत्र, आदिवासियों के गहने, हर किसी की प्रॉपर्टी जांच कराने का ऐलान किया है। इसके लिए कांग्रेस के शहजादे विदेश से एक्स-रे मशीन लाए हैं।

# आजकल प्रधानमंत्री मोदी घबराए हुए हैं : राहुल

## कहा-कुछ दिनों में स्टेज पर उनके आंसू निकल आएंगे

**बेंगलुरु ( एजेंसी )**



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कर्नाटक के बीजापुर में चुनावी रैली के दौरान अपने संबोधन में कहा कि आजकल पीएम नरेंद्र मोदी अपने भाषण के दौरान काफी घबराए हुए रहते हैं। शायद कुछ दिनों में स्टेज पर उनके आंसू निकल आएं।

राहुल ने कहा कि पीएम मोदी ने पिछले 10 साल में गरीबों से सिर्फ पैसा छीना है। उन्होंने सिर्फ 20-25 लोगों को अरबपति बनाया है। उन अरबपतियों के पास उतना धन है, जितना 70 करोड़ हिंदुस्तानियों के पास है। हिंदुस्तान में 1 प्रतिशत ऐसे लोग हैं, जो 40 प्रतिशत धन कंट्रोल करते हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि मोदी कुछ लोगों को अरबपति बनाते हैं, कांग्रेस सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी। कांग्रेस बेरोजगारी और महंगाई मिटाकर आपको भागीदारी देगी। जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, उतना पैसा हम गरीबों को देंगे।

**ये चुनाव पिछले चुनावों से अलग**

राहुल ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। यह पिछले चुनावों से अलग है, क्योंकि भारत के इतिहास में पहली बार एक पार्टी (भाजपा) और एक व्यक्ति (भाजपा) भारत के संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन संविधान को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि भारत के संविधान ने लोगों को अधिकार, आवाज और आरक्षण दिया है। संविधान से पहले भारत पर राजा-महाराजाओं का शासन था। अगर आज भारत के गरीबों, पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के पास अधिकार हैं, आवाज है, तो ये संविधान ने दी है।

# जयपुर एयरपोर्ट को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

## बदमाश ने ऑफिशियल ईमेल पर लिखा-पकड़ सको तो पकड़ लो

## जांच में किसी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

एक बार फिर जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिला है। ईमेल मिलने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पूरे एयरपोर्ट परिसर की तलाशी ली गई, लेकिन कुछ नहीं मिला। इस पर एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस पूरे मामले को लेकर जयपुर एयरपोर्ट प्रशासन एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज करवाया है। इस मामले की जांच साइबर टीम भी कर रही है।व

प्राप्त जानकारी के अनुसार जयपुर एयरपोर्ट की ऑफिशियल मेल आईडी पर शुक्रवार दोपहर ई-मेल के जरिए अज्ञात व्यक्ति ने एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी। साथ ही लिखा कि मैं बेंगलुरु में बैठा हूं, पकड़ सको तो पकड़ लो। इसके बाद एयरपोर्ट सुरक्षा जवानों के साथ ही बम निरोधक दस्ते की टीम ने एयरपोर्ट पर सर्च अभियान चलाया है। दोपहर में यात्रियों को फीडबैक के लिए दी गई आईडी पर मेल आया था। इसमें खुद को बेंगलुरु का होने की बात लिखी है। मेल में आरोपी ने एयरपोर्ट के एंट्रेंस गेट को बम रखे होने की धमकी दी। इसके बाद डॉग स्क्वॉयड, बम निरोधक दस्ते और एयरपोर्ट की सभी सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त अभियान चलाकर जांच शुरू की। करीब डेढ़ घंटे की जांच में एयरपोर्ट एरिया में किसी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। अब एयरपोर्ट थाना पुलिस को इस पूरे मामले की शिकायत की जाएगी, ताकि धमकी भरा ईमेल करने वाले व्यक्ति को पकड़ा जा सके। मामले में एयरपोर्ट थाने में केस दर्ज करवा दिया गया है।

एसीपी मालवीय नगर आदित्य पूनिया ने बताया कि दोपहर करीब 1.30 बजे पुलिस को एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 के गेट पर बैग में बम रखे होने की सूचना दी गई। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की ऑफिशियल ई-मेल पर राजेश नाम के व्यक्ति ने धमकी भरा मेल भेजा था। मेल में लिखा था कि जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 गेट पर काले रंग के बैग में बम रखा हुआ है।

**तीये की बैठक से लौट रहे थे**

# क्रूजर कार-ट्रेलर में टक्कर, चार महिलाओं सहित 6 की मौत



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ में शुक्रवार दोपहर को एक क्रूजर कार सामने चल रहे ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में 4 महिलाओं समेत 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें 5 लोग एक परिवार के थे। क्रूजर सवार किकरावाली से गांव 86 जीबी में अपने रिश्तेदार के घर शोक व्यक्त कर लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक दोपहर 2.50 बजे नेशनल हाईवे नंबर 911 पर सलेमपुरा से एक किलोमीटर पहले गांव 17 एसजेएम के पास क्रूजर के ड्राइवर ने रायसिंहनगर की ओर जा रहे ट्रेलर को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान रायसिंहनगर से अनूपगढ़ की ओर एक बस आ रही थी। कार ड्राइवर ओवरटेक नहीं कर पाया। उसने गाड़ी को वापस ट्रेलर के पीछे लाने की कोशिश की, लेकिन कार सामने चल रहे ट्रेलर से टकरा गई। पुलिस के अनुसार अनूपगढ़ के किकरावाली निवासी हेतराम (45) पुत्र हनुमान, पत्नी सुनीता (42), भाभी लिछमा देवी (55) पत्नी कृष्ण लाल, विद्या देवी (40) पत्नी देवीलाल, कलावती देवी (48) पत्नी हंसराज और कांता (35) पत्नी मदनलाल क्रूजर में सवार थे। क्रूजर का ड्राइवर रमेश (38) पुत्र शंकर लाल था।

# प्रदेश में बदला मौसम, कई जिलों में आंधी-बारिश

## बूंदी में बिजली गिरने से 3 की मौत

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राजस्थान में शुक्रवार को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई जिलों में बारिश हुई। इस दौरान बूंदी में बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, चार घायल हो गए। सभी को रावतभाटा जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इससे पहले सुबह बीकानेर शहर के बाहरी इलाके में कुछ जगह हल्की बारिश हुई। साथ ही वोटिंग के दौरान कोटा और झालावाड़ में भी बरसात हुई।

जयपुर में भी तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों ने शुक्रवार को दोपहर बाद बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, कोटा, उदयपुर के आसपास भी मौसम बदलने की संभवना जताई थी। दरअसल, पाकिस्तान, राजस्थान की सीमा पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। इस सिस्टम के असर से राजस्थान में दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ। यहां दोपहर बाद आंधी चलने के साथ कई जगह बादल छा गए। कोटा, झालावाड़, बूंदी में कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हुई।

# 25 किलो गांजा व देशी शराब के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर/अजमेर।** जीआरपी अजमेर व आरपीएफ की टीम ने दो अलग-अलग कारवाईयों में 25 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा व देशी शराब के 122 पव्वे जब्त कर एक महिला व एक युवक को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ गांजा की कीमत करीब 12.50 लाख रुपए व देशी शराब की कीमत 10614 रुपए है। जीआरपी अजमेर एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि राज्य सरकार की 100 दिवसीय कार्य योजना व लोकसभा चुनाव के आचार संहिता के मद्देनजर ट्रेनों में अवैध शराब, मादक पदार्थ, हथियार की तस्करी की रोकथाम व अपराधियों की धर पकड़ के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेश शर्मा व पुलिस उपअधीक्षक राम अवतार के सुपरविजन एवं एसएचओ अजमेर अनिल देव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई है।

शुक्रवार को हैड कांस्टेबल फिरोज खान के नेतृत्व में ब्यावर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से आरोपी राठौड़ शरद पुत्र वीरेंद्र भाई सांसी (23) निवासी विराटनगर थाना ओडव जिला अहमदाबाद को गिरफ्तार कर उसके पास मिले बैग से देशी शराब के कुल 122 कांच के पव्वे जब्त किए गए। एसपी जोशी ने बताया कि दूसरी कार्रवाई उप निरीक्षक सोमेंद्र कुमार मय टीम द्वारा शुक्रवार को रेलवे स्टेशन अजमेर के सराउंडिंग एरिया प्रथम श्रेणी गेट के पास की गई।

## बिजनेस

# रियलमी नार्जो 70एक्स व रियलमी नार्जो 70 5जी स्मार्टफोन लॉन्च



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** रियलमी नार्जो स्टाईलिश स्मार्टफोंस की सीरीज है, जो यूजर्स को विस्तृत अनुभव प्रदान करती है। रियलमी नार्जो 70एक्स 5जी और रियलमी नार्जो 70 5जी स्मार्टफोन लॉन्च किए गए। भारत में स्मार्टफोन टेक्नोलॉजी के भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाली रियलमी नार्जो सीरीज का उपयोग करने वाले यूजर्स की संख्या 16 मिलियन से ज्यादा है। इन डिवाईसेज़ को आधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रीमियम फीचर्स के साथ डिज़ाईन किया गया है, ताकि यूजर्स अपने अद्वितीय स्टाईल का प्रदर्शन करते हुए ट्रेंड में सबसे आगे रह सकें।

ग्राहकों को शॉपिंग का बेहतर अनुभव प्रदान करते हुए रियलमी नार्जो सीरीज उपलब्ध कराने के लिए रियलमी और अमेज़न ने गठबंधन किया है। इस गठबंधन के अंतर्गत यूजर्स को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ रियलमी नार्जो सीरीज केवल अमेज़न.इन पर मिलेगी। रियलमी की ड्युअल-प्लेटफॉर्म रणनीति के अंतर्गत रियलमी ने अपना पहला ऑनलाईन स्टोर मार्च, 2023 में अमेज़न पर शुरू किया था। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, 'हमें रियलमी नार्जो 70 सीरीज 5जी के लॉन्च की घोषणा करने की खुशी है। यह यूजर्स को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी एवं प्रीमियम फीचर्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

यह सीरीज स्मार्टफोन के भविष्य का प्रतिनिधित्व करती है, जो यूजर्स को लगातार विकसित होते हुए डिजिटल परिदृश्य में संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाईन की गई है। अपनी आधुनिक और शक्तिशाली विशेषताओं के साथ रियलमी नार्जो 70 सीरीज 5जी स्मार्टफोन के अनुभव को बदल देगी। भारत में 16 मिलियन से ज्यादा यूजर्स तक पहुंचकर अपने कदमों का विस्तार करते हुए हमें विश्वास है कि रियलमी नार्जो 70 सीरीज 5जी स्मार्टफोन उद्योग में नए मानक स्थापित कर देगी। रियलमी नार्जो 70 सीरीज 5जी के साथ कनेक्टिविटी और परफॉर्मेंस का नया युग शुरू करने की तैयारी कर लीजिए।'

# सिंघानिया की पत्नी 3 कंपनियों के बोर्ड से बाहर

### बोलीं- गौतम ने पहले मारपीट की, अब रेमंड ग्रुप की कंपनियों से बेदखल किया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रेमंड ग्रुप की तीन कंपनियों ने विवाद के बीच पत्नी नवाज मोदी को अपने बोर्ड से बाहर कर दिया है। 31 मार्च को एक एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी जनरल मीटिंग के जरिए जेके इन्वेस्टर्स लिमिटेड, रेमंड कंज्यूमर केयर और स्मार्ट एडवाइजरी एंड फिनसर्व ने नवाज मोदी को बोर्ड से बाहर किया है। इकोनॉमिक्स टाइम्स ने अपनी एक रिपोर्ट में इसके बारे में जानकारी दी है।

नवाज मोदी को जून 2015 में जेकेआई, दिसंबर 2020 में आरसीसीएल और अक्टूबर 2017 में स्मार्ट एडवाइजरी एंड फिनसर्व में डॉयरेक्टर नियुक्त किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड कंपनी रेमंड ने अभी तक नवाज मोदी को बोर्ड से बाहर करने का प्रस्ताव नहीं रखा है, लेकिन जल्द ही वह भी ऐसा कर सकती है। रेमंड ग्रुप के चेयरमैन गौतम सिंघानिया ने 13 नवंबर 2023 में अपनी पत्नी नवाज मोदी सिंघानिया से अलग होने का ऐलान किया था।

# कंपैशिनेट कैपिटलिजम बिजनेस फिलोसॉफी में उभर रहा

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** आज के कॉम्प्लेक्स इकोनॉमिक लैंडस्केप में, जहां असमानताएं बहुत अधिक हैं, कंपैशिनेट कैपिटलिजम बिजनेस फिलोसॉफी में एक कंपलिंग मॉडल बदलाव के रूप में उभर रहा है। यह एंपैथी और इकोनॉमिक सक्सेस के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रॉफिट मैक्सामाइजेशन को चुनौती देता है। सोशल एंटरप्रेन्यूर और जयपुर रग्स फाउंडेशन के संस्थापक, नंद किशोर चौधरी ने एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में बताया कि कंपैशन किस प्रकार बिजनेस लीडरशिप के साथ जुड़ा है, कंटेंपरेरी चैलेंजेस का समाधान प्रदान करता है, इकोनॉमिक इक्वालिटी को बढ़ावा देता है, सयुक्त और सस्टेनेबल फ्यूचर के लिए इनसाइट्स प्रदान करती है। कंपैशिनेट कैपिटलिजम में बैलेंस कंपैशन और लीडरशिप परफॉर्मेंस और बिजनेस प्रैक्टिस में इक्वालिटी व एंपैथी को बढ़ावा देते हुए इकोनॉमिक प्रॉसपैरिटी सुनिश्चित करना शामिल है। जब कोई किसी बिजनेस को सहकर्मियों के साथ सम्मान और समान व्यवहार के साथ करने पर ध्यान केंद्रित कर करता है, तो वह कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। 1978 में मैंने 2 करघों और 9 आर्टिसन्स के साथ अपनी एंटरप्रेन्यूरल यात्रा शुरू की थी, जो आज जयपुर रग्स के नाम से भारत की सबसे बड़ी हैंडमेड कार्पेट मैन्युफैक्चरर कम्पनी है।

हमारे पास आज 7,000 से अधिक करघे और लगभग 40,000 आर्टिसंस हैं, जिनमें से 85 फीसदी महिलाएं हैं जो कार्पेट बनाती हैं। वर्ल्ड वाइड प्रेजेंस और ग्लोबल डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के साथ जयपुर रग्स के स्टोर आज इटली, दुबई, चीन और रूस जैसे देशों में हैं और यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका में इसका ब्रांच ऑफिस है।

## स्पोर्ट्स

# दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला आज

**नई दिल्ली ( एजेंसी )**




आईपीएल 2024 का 43वां मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। जिसमें दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच में आज के दिन का पहला मुकाबला होगा, जो आज 4 बजे खेला जाना है। वहीं आईपीएल 2024 का 44वां और आज शाम 7.30 बजे दिन का दूसरा मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाना है। यह मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में शाम 7:30 से शुरू होगा।

अंक तालिका में लखनऊ की टीम 8 मैचों में 5 जीत के साथ 10 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। वहीं, राजस्थान की टीम 8 मैचों में 7 जीत के साथ 14 अंक लेकर पहले स्थान पर है। वहीं अभी तक दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में यहां पर दो मैच खेले जा चुके हैं। जिसमें मेजबान दिल्ली कैपिटल्स ने एक मैच जीता है और एक में उसे हार का सामना करना पड़ा है। लेकिन दिल्ली में दिन का पहला मुकाबला खेला जाएगा। इसलिए कंडीशन बदली हुई होंगी।

**दिल्ली बनाम मुंबई हेड टू हेड :** आईपीएल में 27 अप्रैल को ऋषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स का सामना हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस से होगा। इस बीच अगर दिल्ली और मुंबई के हेड टू हेड आंकड़ों पर नजर डालें तो इनके बीच अब तक 34 मैच खेले गए हैं, इसमें से 15 मैच दिल्ली ने अपने नाम किए हैं, वहीं मुंबई ने 18 मैच अपने नाम किए हैं। इस मामले में मुंबई की टीम आगे तो है, लेकिन दिल्ली भी ज्यादा पीछे नहीं है।

### लखनऊ और राजस्थान भी एक्शन में नजर आएगी

*आईपीएल 2024 का 44वां और कल दिन का दूसरा मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाना है। यह मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में शाम 7:30 से शुरू होगा।*



*अंक तालिका में लखनऊ की टीम 8 मैचों में 5 जीत के साथ 10 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। वहीं, राजस्थान की टीम 8 मैचों में 7 जीत के साथ 14 अंक लेकर पहले स्थान पर है। दोनों ही टीमों ने अपने-अपने पिछले मुकाबलों में जीत दर्ज की है, ऐसे में उनका प्रयास जीत की लय बरकरार रखने का होगा। इस सीजन यह इन दोनों टीमों की दूसरी भिड़ंत होगी।*

# न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 में पाकिस्तान को हराया



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में गुरुवार को पाकिस्तान को 4 रन से हराया। इस जीत के बाद न्यूजीलैंड पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-1 से आगे हो गई है। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 178 रन बनाए। जवाब में पाक टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 174 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड के लिए ओपनर टिम रॉबिन्सन (51) ने अर्धशतक लगाया। राइट आर्म पेसर विलियम ओ'रूर्के ने तीन विकेट लिए। ओ'रूर्के को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# डेब्यू मैच में 0 पर 7 विकेट लिए, इस फॉर्मेट का बेस्ट स्पेल



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंडोनेशिया की ऑफ स्पिनर रोहमालिया ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट (मेंस और विमेंस) में नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने डेब्यू मैच में बिना कोई रन दिए 7 विकेट लिए। बाली में खेले गए मंगोलिया के खिलाफ सीरीज के पांचवें मैच में रोहमालिया ने 20 गेंदें फेंकी, सभी डॉट रहीं, और उन्होंने 7 विकेट लिए। छह मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला 25 अप्रैल को खेला गया। बुधवार को खेले गए सीरीज के पांचवें टी-20 मैच में इंडोनेशिया ने 151 रन बनाए और बदले में मंगोलिया को 24 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद सीरीज का छठा मैच गुरुवार को खेला गया। इंडोनेशिया ने यह सीरीज 6-0 से जीती। अर्जेंटीना की एलिसन स्टॉक्स (3 रन पर 7 विकेट) और नीदरलैंड की फ्रेडरिक ओवरडिज्क (3 रन पर 7 विकेट) के बाद रोहमालिया महिला टी-20 में सात विकेट लेने वाली तीसरी गेंदबाज हैं।

स्वत्वाधिकारी-अदिति भारद्वाज, प्रकाशक एवं मुद्रक मोहन शर्मा के लिए ए-9, प्रथम तल, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से प्रकाशित एवं मोहन शर्मा एण्ड कंपनी प्रा.लि. ए-9, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र जयपुर से मुद्रित। संपादक : अरुज मोहन भारद्वाज, समूह संपादक : डॉ. उरुक्रम शर्मा
संपादकीय प्रभारी : फूलचन्द बिलोनिया* मो. 98875-21440, फोनः 2210316 फैक्स-2210022, अखबार प्राप्त करने के लिए : 2210316 आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2005/15194 e-mail: morningnews22@gmail.com/editorial.morningnews@gmail.com
*पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेदार।